हिन्दुस्तान मोटर्स की नई कार बाजार में शीघ्र

कोलकाता, १ अक्टूबर (नि.प्र.)। हिन्दुस्तान मोटर्स लंबे अंतराल के बाद एक नयी कार विकसित कर रहा है। बहुचर्चित एम्बेसडर कार की निर्माता हिन्दुस्तान मोटर्स करीब २६ वर्षों के बाद एक नयी कार बाजार में उतारने जा रहा है। हाल में सी.के. बिड़ला कम्पनी ने कहा कि प्रतिभापरक या आइकोनिक एम्बेसडर को भी विभिन्न रूपों में तैयार किए जाने की योजना है। कम्पनी के प्रबंध निदेशक मनोज झा ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की समाप्ति तक कम्पनी को लाभदायक बनाया जा सकता है। इस संबंध में अनेक कारगर उपायों को अमल में लाए जाने की कोशिश की जा रही है। हिन्दुस्तान मोटर्स की सकल सम्पत्ति ३० जून २०१० तक १६४ करोड़ की थी जबकि संचित हानि १५२ करोड़ थी। श्री झा ने कहा कि हिन्दुस्तान मोटर्स ने चेन्नई में अपनी प्रापर्टी और आटो कम्पोनेन्ट मेकर एवंटेक के शेयरों को बेचकर ५० करोड़ एकत्रित किया है। श्री झा ने कहा इस राशि से एचएम दिसम्बर तक अपना संकट दूर कर देगा। एचएम के तीनों संयंत्र अंतिम तिमाही तक स्वनिर्भर हो जाएंगे। एचएम के संयंत्रों के एक बंगाल में उल्टाडांगा में है। दूसरा तमिलनाडु में चेन्नई में औरतीसरा मध्य प्रदेश के इन्दौर में। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान बाजार में एम्बेसडर को परिवर्तित रूप में पेश किया जाएगा। इंजन प्रौद्योगिकी में ग्लोबल लीडर द्वारा इंजन की सप्लाई की जाएगी। एचएम ने २६ सालों पूर्व कानटेसा काार पेश की थी। एम्बेसडर को १९४८ में उतारा गया था। लेकिन कानटेसा बाजार से हट गयी और एम्बेसडर का वजूद आज भी कायम है। प्रति माह करीब ८०० एम्बेसडर कारों की बिक्री हो रही है। श्री झा ने यह भी बताया कि कम्पनी अपने डीलरों की संख्या को ७५ से बढ़ाकर दो सौ करेगी। सर्विस सेन्टरों की भी संख्या अधिक होगी। हम चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा लोग एम्बेसडर कार का इस्तेमाल व्यक्तिगत उपयोग के लिए करें कमर्सियल उद्देश्य (टैक्सी) के लिए नहीं। श्री झा ने कुछ वर्षों में एचएम के कामकाज में काफी बदलाव किया है।